आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 16.10.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में प्रदत्त मेडिकल मोबाइल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा– प्रदेश के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के माध्यम से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया।
- रामनगर वन प्रभाग का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल "कॉर्बेट फॉल" पर्यटकों के लिए खोल गया।
- वन मंत्री सुबोध उनियाल ने ईको–फ्रेंडली वन पर्यटन के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

मेडिकल मोबाइल यूनिट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज खटीमा में प्रदत्त मेडिकल मोबाइल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह मोबाइल यूनिट पहाड़ी अंचलों के लोगों को उनके घर–आंगन तक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य व्यवस्था को और सशक्त बनाएगी।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के माध्यम से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है। वह नैनीताल में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर श्रीमती आर्य ने कहा कि जिस प्रकार स्वदेशी के विचार ने हमें अंग्रेजों से आजादी दिलाई थी, उसी प्रकार अब हमें उसी मंत्र का प्रयोग देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाने के लिए करना होगा।

इस बीच, महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी में स्थित राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र के निर्माणाधीन नए भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिये।

निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत जिले में टनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के स्वाला डेंजर जोन का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री को स्वाला क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, मलबे की मात्रा, जल प्रवाह और वैकल्पिक मार्गों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वाला क्षेत्र में स्थायी समाधान के लिए ठोस तकनीकी योजना तैयार की जाए, ताकि भविष्य में यातायात बाधित न हो।

मुख्यमंत्री ने वैकल्पिक मार्गों को चालू और सुरक्षित रखने तथा प्रभावित गांवों के लोगों को समय–समय पर अपडेट देने के भी निर्देश दिए।

श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशील स्थलों के स्थायी भू–वैज्ञानिक समाधान पर लगातार कार्य कर रही है, ताकि सड़कों का आवागमन हर मौसम में सुचारु रहे। गौरतलब है कि स्वाला क्षेत्र में लगातार भूस्खलन से आमजन की आवाजाही प्रभावित हो रही थी।

"कॉर्बेट फॉल"

रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल "कॉर्बेट फॉल" को फिर से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने इसका लोकार्पण करते हुए इसे जनसामान्य को समर्पित किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि "कॉर्बेट फॉल" को प्लास्टिक–मुक्त, सतत एवं पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल पर्यटन मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। साथ ही, उन्होंने स्थानीय लोगों से भी इस पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की पहल में सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया।

वन मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ईको–फ्रेंडली वन पर्यटन के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे न केवल क्षेत्र की प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सरकार का उद्देश्य पर्यटन स्थलों को इस प्रकार विकसित करना है कि वे प्रकृति, शिक्षा और स्थानीय संस्कृति का केंद्र बनें।

प्रदर्शनी

दिल्ली के बाद अब देहरादून में भी भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के अनुरोध पर इसके लिए सहमति दी है।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि उन्होंने यह अनुरोध राजस्थान के उदयपुर में आयोजित 'राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों के सम्मेलन' के दौरान किया था। सम्मेलन के अंतिम दिन उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से उत्तराखंड की समृद्ध आध्यात्मिक और प्राकृतिक धरोहरों पर चर्चा करते हुए देहरादून में प्रदर्शनी लगाने का प्रस्ताव रखा।

श्री महाराज ने कहा कि देहरादून में बड़ी संख्या में तिब्बती समुदाय और बौद्ध अनुयायी निवास करते हैं, इसलिए यहां प्रदर्शनी आयोजित होने से श्रद्धालुओं को भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

उद्योग मित्र बैठक

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने कहा कि जिले में औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं, जिन्हें सशक्त योजना और बेहतर समन्वय से मूर्त रूप दिया जा सकता है। कोटद्वार में आयोजित उद्योग मित्र की बैठक में जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में स्वच्छता, सुरक्षा और निर्यात बढ़ाने की ठोस रूपरेखा तैयार करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के भी निर्देश दिए।

पुलिस कबड्डी कलस्टर प्रतियोगिता

ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने रुद्रपुर में तीन दिवसीय द्वितीय प्रादेशिक अंतर जनपदीय/वाहिनी पुलिस कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता–2025 का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का पहला मैच, आईआरबी प्रथम और द्वितीय के बीच खेला गया, जिसमें आईआरबी द्वितीय विजयी रही। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे खेलों के आयोजन से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा।

उप सेनानायक मिथलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस द्वितीय प्रादेशिक अंतर जनपदीय कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं।